**HN 9101** **SECOND TERMINAL EVALUATION - 2017** **A**

Third Language

# HINDI

**STD : IX** **Time : 90 Minutes**
**Maximum Score : 40**

सामान्य निर्देश

- 15 मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।**

> काम खत्म करके वह सीधा पोस्ट ऑफ़िस गया। बड़े बाबू के टेबल के सामने जाकर बोला, "साहब मेरी लाइन बदल दीजिए, सिटी में कहीं भी बदली कर दीजिए।"

1. वह सीधा पोस्ट ऑफ़िस गया।

   -इस वाक्य से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें। (1)

2. पोस्टमैन ने बड़े बाबू से अपनी लाइन बदल देने का अनुरोध किया। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित **वार्तालाप** आगे बढ़ाएँ। (चार विनिमय) (4)

   पोस्टमैन : साहब मेरी लाइन बदल दीजिए, सिटी में कहीं भी बदली कर दीजिए।
   बड़े बाबू : क्यों...?
   पोस्टमैन : ..............................................................................
   बड़े बाबू : ..............................................................................
   पोस्टमैन : ..............................................................................
   बड़े बाबू : ..............................................................................
   पोस्टमैन : ..............................................................................
   बड़े बाबू : ..............................................................................
   पोस्टमैन : ..............................................................................
   बड़े बाबू : ..............................................................................

**सूचना : 'छिप-छिप अश्रु बहानेवालो' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 से 5 तक के उत्तर लिखें।**

> सपना क्या है नयन सेज पर
> सोया हुआ आँख का पानी
> और टूटना है उसका ज्यों
> जागे कच्ची नींद जवानी
> गीली उमर बनानेवालो, डूबे बिना नहानेवालो
> कुछ पानी के बह जाने से, सावन नहीं मरा करता है।

3. कवि ने 'नयन सेज पर सोया हुआ आँख का पानी' किसे कहा है? (1)

4. 'कुछ पानी के बह जाने से सावन नहीं मरा करता है' -से क्या तात्पर्य है? (2)

5. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। (3)

**सूचना : 'जीने की कला' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 6 से 8 तक के उत्तर लिखें।**

> आदमी जहाँ रहता है उसे देश कहता है।
> सारी पृथ्वी बँट गई है अनगिनत देशों में।
> यह देश अनेक देशों का गुट बना कर
> अन्य गुटों से अकसर मार काट करते हैं।

6. कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखें। (1)
   'उसे' शब्द में निहित सर्वनाम कौन-सा है?
   (वह, यह, ये, वे)

7. कवि के अनुसार 'देश' क्या है? (1)

8. मान लें आपके स्कूल में दिसंबर 5 को स्कूल सभागृह में 'आदमी को जीने की कला नहीं आती' विषय पर संवाद चलनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए पोस्टर तैयार करें। (4)

**सूचना : 'गाँधीजी गाँधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> वहाँ एक औरत को देखा जो तालाब में अपनी धोती धो रही थी। लेकिन कैसे? आधी पहनती थी और बाकी आधी धोती थी। उसकी हालत देखकर गाँधीजी भीतर तक हिल गए और बस उसी समय उन्होंने फ़ैसला कर लिया कि अब सिर्फ़ एक धोती ही पहनूँगा।

9. **औरत** धोती धो रही थी।

   **'औरत'** के बदले **'आदमी'** का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)

10. इस घटना ने गाँधीजी पर गहरा प्रभाव डाला। गाँधीजी की उस दिन की डायरी लिखें। (4)

**अथवा**

'उसी समय उन्होंने फ़ैसला कर लिया कि अब सिर्फ़ एक धोती ही पहनूँगा।' गाधीजी ने ऐसा निर्णय क्यों लिया होगा? टिप्पणी लिखें।

**सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 से 13 तक के उत्तर लिखें।**

फिर उसने सोचा कि आसमान में उडना ही फिज़ूल है। वह मूर्खों का काम है। उसकी हालत यह थी कि अब वह आसमान में उड़ ही नहीं सकता था।

11. पक्षी के चरित्र के संबंध में सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)

क) पक्षी अपनी गलतियों पर सफाई खोजनेवाला है।

ख) पक्षी अपनी गलतियों को स्वीकारनेवाला है।

ग) पक्षी अपनी गलतियों को छुपानेवाला है।

घ) पक्षी अपनी गलतियों को भुलानेवाला है।

12. आशय का विस्तार करके वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें। (2)




13. नौजवान पक्षी आसमान में उड़ना मूर्खता मानने लगा। पक्षी के इस मनोभाव पर **अपनी राय** लिखें। (3)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

रहा न जल पीने लायक
वायु न जीने लायक
कूडेदान बनी ये नदियाँ
कलुषित हुई ये पुरवाइयाँ।
जल,वायु और ये भूमि
कुछ भी स्वच्छ अब रहा नहीं
रोग मिल रहे ऐसे -ऐसे
जिनकी कोई दवा नहीं।

14. कवितांश केलिए उचित शीर्षक लिखें। (1)

15. आज-कल नदियाँ क्या बन गई हैं? (1)

16. ऊपर दी गई कविता की सहायता से **'पर्यावरण संरक्षण'** विषय पर **लेख** लिखें।
(लगभग 80 शब्द) (4)

**अथवा**

कवितांश का **आशय लिखें**।

**सूचना : 'अकाल में सारस' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।**

पानी को खोजते
दूर-देसावर से आए थे वे
पानी को खोजते
दूर-देसावर तक जाना था उन्हें

17. इन पंक्तियों का मतलब क्या है? (2)

18. सारसों को क्यों पानी की तलाश में भटकना पडा? (4)

पानी की कमी के कारणों को ध्यान में रखते हुए **टिप्पणी** लिखें।

**अथवा**

केदारनाथ सिंह की इस कविता के लिए **'अकाल में सारस'** नाम कहाँ तक सार्थक है? समर्थन करें।

*****